Raj Express (Indore), 7th November 2026, Page – 06

इंदौर में परमाणु विज्ञान की झलक

इंदौर। आईआईटी इंदौर में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) के टेक्नोलॉजी प्रसार एवं जागरुकता कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने प्लाज्मा, रोबोटिक्स, न्यूट्रॉन और मेडिकल टेक्नोलॉजी की वो दुनिया दिखाई, जो भारत का भविष्य बदलने वाली है। आईआईओ इंदौर ने बार्क, मुंबई के सहयोग से संस्थान परिसर में बार्क-आईआईटी इंदौर प्रौद्योगिकी प्रसार एवं जागरुकता कार्यक्रम (टीओपी) आयोजित किया। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक जागरुकता को बढ़ावा देना, ज्ञान के आदान-प्रदान को सुगम बनाना, तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करना तथा अनुसंधान एवं संस्थागत सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना था।